तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 17 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 नगाड़ों की थाप पर फाग की मस्ती और उड़े गुलाल...



12 रोजगार सहायक व सचिव को समय सीमा...



## खबर संक्षेप



### होली में 25 साल बाद हुआ डंडा नृत्य का आयोजन

**कोरर।** ग्राम पंचायत केवटीनटोला में 25 वर्षों के पश्चात होली ग्राम प्रमुखो ने भव्य तरीके से मनाया, जिसमें 60 वर्षों से अधिक के उम्र के बुजुर्गों ने इस परम्परा को पुनः प्रारम्भ करते हुए एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाते हुए होली उत्सव को फाग गीतों और डंडा नृत्य के साथ घर घर पहुंच कर मनाया, जिसमें सभी केटीनटोला सरपंच सरिता भुआर्य, उपसरपंच परमानन्द कावड़े एवं पंच भी शामिल हुए। होली के अवसर पर रामचरण नायक भूत पूर्व सरपंच, गौतम नायक, दयालु यादव, रामभरोस कोसमा, रामजी कुलदीप, कुमसाय पिद्दा, केदार नायक, रमेश खड़हा, सुधीर यदु, हरिराम साहू, शम्भू पिद्दा, जगत कोसमा, बलदेव कावडे, अमर बढ़ाई सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भंडाराडिग्गी के सरपंच रामूला ने लिया प्रभार



**कांकेर।** ग्राम पंचायत भंडाराडिग्गी के नवनिर्वाचित सरपंच रामूला नरेटी ने पंचायत का वितीय प्रभार पूर्व सरपंच धनेश नरेटी से लिया। प्रभार लेते हुए सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। नए सरपंच एवं सभी पंचों के अनुसार यह निर्णय लिया गया कि जितने भी पुराने कार्यकाल के कार्य शेष है, उसे पूर्व सरपंच के द्वारा पूर्ण किया जाएगा। प्रभार के दौरान उपसरपंच विनोद नारायण मंडावी, वार्ड पंच मानसिंह गावड़े, अनेसिंह नरेटी, नरेंद्र नरेटी, खोरीन नेताम, पांडू राम नरेटी, ठाकुर राम नरेटी, अघन नरेटी एवं ग्राम पंचायत के सचिव झुमुक लाल दीपक व समस्त ग्राम पंचायत के वार्ड पंच एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर 23 को जिला अस्पताल में

**कांकेर।** कांकेर वालंटियर्स की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मरीजों की जान बचाने के लिए यह अहम कदम है। शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के 94 वें शहीद दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर जिला अस्पताल कांकेर में 23 मार्च रविवार हो किया जाएगा। कांकेर वालंटयर्स ने अव्हान किया है कि विशेष शिविर में हिस्सा ले और आपके रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है।

# नपं चारामा में उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने मारी बाजी, शपथ के बाद हुआ चुनाव

## चुनाव

### कांग्रेस का एक वोट हुआ रिजेक्ट, उपाध्यक्ष के दोनों प्रत्याशियों को किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नगर पंचायत चारामा में अध्यक्ष भुवनेश्वर नागाराज और सभी पार्षदों के शपथ लेने के उपरांत उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। अंततः भाजपा ने अंजू धर्मेंद्र सोनकर को प्रत्याशी बनाया और अंजू उपाध्यक्ष बनने में कामयाब रही। भाजपा के पार्षदों का एकजुटता का परिणाम रहा कि बिना विवाद के उपाध्यक्ष बनाने में कामयाब रहे। भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़कर जीतने वाले पार्षद ने भाजपा का फिर से दामन थामते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान भी किया। नगर पंचायत चारामा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 15 मार्च को नगर के समता रंगमंच में विधायक सावित्री मनोज मंडावी और अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी के आतिथ्य में हुआ। अनुविभागीय अधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज सहित सभी 15 पार्षदों की शपथ दिलाई। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि सभी पार्षद एवं अध्यक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर के विकास, नगर के हित में कार्य करें। पार्टी प्रकियाओं से अलग हटकर दलगत राजीति से ऊपर उठकर नगर के विकासस और नगर के हित में कार्य करें। पार्टी प्रकियाओं से अलग हटकर जनता के हर सुख दुख के भागीदार बनें। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि अध्यक्ष एवं पार्षदों को नगर हित में नगर के विकास एवं जनता के विकास के लिए कार्य कर चाहिए। जनता ने जिस उम्मीद से अपने जनप्रतिनिधियों को चुना है, उनके वह कार्य पूरी करने की जिम्मेदारी आप सभी की है।

### खास बातें

- शपथ ग्रहण समारोह विधायक सावित्री मनोज मंडावी और विक्रम उसेंडी की उपस्थिति में हुआ
- कांग्रेस की मंजू सोनकर हुई टक्कर में उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की अंजू सोनकर की जीत



नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज ने कहा कि यह मेरा तीसरा कार्यकाल है। जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे तीसरी बार अध्यक्ष की कमान सौंपी है, मैं जनता के हर एक वादे औ सपनों पर खरे उतरूंगा और नगर का चौमुखी विकास करूंगा, ताकि पूरे बस्तर में चारामा नगर पंचायत का नाग अलग से जाना पहचाना जा सके। इन पांच सालों में सभी पार्षदों के सहयोग से और सभी पार्षदों को विश्वास में लेकर नगर के विकास के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा।

संबोधन के उपरांत अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों का फूलमाला के साथ स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता आलोक सिंह ठाकुर, राजीव लोचन सिंह, नरेंद्र यादव, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नंद कुमार ओझा, अमृत देवांगन, पूर्व पार्षद व शहर के गणमान्य नागरिक एवं सीएमओ हेमंत नेताम, तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ला, नायब तहसीलदार प्रवीण नेताम सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा की अंजू सोनकर बनीं उपाध्यक्ष



शपथ के उपरांत चारामा नगर पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रकिया को प्रारंभ किया गया, जिसमें भाजप के बागी सहित 9 पार्षद और कांग्रेस के 6 पार्षद एवं अध्यक्ष थे। नगर पंचायत उपाध्यक्ष के लिए भाजपा से अंजू सोनकर, वहीं कांग्रेस ने मंजू सोनकर को प्रत्याशी बनाया था। दोनो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, भाजपा को पहले से पता था कि बहुमत है, जीत हमारी पक्की है। अंततः मतदान के उपरांत मतगणना शुरू हुई, जिसमें भाजपा प्रत्याशी अंजू को 09 मत ओर कांग्रेस प्रत्याशी मंजू को 06 मत मिले। एक मत रिजेक्ट हो गया, इस मतपत्र में मतदाता ने दोनो प्रत्याशियों के सामने निशान लगा दिया था। भाजपा प्रत्याशी 03 वोट से विजयी घोषित की गई। भाजपा के पास 09 मत थे, इसलिए 09 मत मिले। कांग्रेस के पास अध्यक्ष सहित 07 मत थे, परंतु 06 मत मिले। कांग्रेस के किसी मतदाता का एक मत रिजेक्ट हो गया। उपाध्यक्ष पद पर भाजपा पार्षद अंजू सोनकर के नाम की घोषणा होने के बाद भाजपाइयों ने जमकर नारेबाजी कर नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर व गुलाल लगाकर स्वागत किया, जिसके बाद भाजपाइयों ने जीत का जश्न मनाते हुए रैली निकाली, जो पं. दीनदयाल चौक पर पहुँचकर पं. उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जीत के जश्न पर आतिशबाजी भी की किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, ढाल सिंह सिन्हा, गजेन्द्र नाग, अशोक देवांगन, संतोष नाहर, अजय जगवानी, भोज सोनी, रुपेश देवांगन, अमृत राज सिन्हा सहित भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चुनाव को संपन्न कराने में रिटनिँग आफीसर सहित नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस विभाग का सहयोग रहा।

# कापसी डेम में स्नान पर मारपीट कई घायल, काउंटर केस हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



बड़े कापसी के स्टाप डेम में नहाने की बात को लेकर दो पक्षो में कहा सुनी हुई और विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया। दोनो पक्ष ने पखांजुर थाना में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। दोनो पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़े कापसी निवासी 49 वर्षीय किशोर नाम पिता स्व. रामलाल नाग ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं 14 मार्च को करीबन ढाई बजें अपने गांव बड़े कापसी के स्टाप डेम के पास अपने जमीन में था। उसी समय लोकेश दास एवं अन्य साथियों के साथ बैठकर दारू, गांजा का सेवन किए। उसके बाद मैं बोला कहां जा रहे हो तो आरोपी लोकेश ने बोला नहाने जा रहे हैं। तब मैने बोला आप लोग दारू गांजा खाए पीए हो स्टाप डेम में मत नहाना, क्योंकि पूर्व में स्टाप डेम में घटना घट चूका है, जगह खराब है। इतने में लोकेश दास गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे सिर में हाथ मुक्का से मारा, जिससे सिर में लगने से चोट लगा व खून निकलने लगा। मारपीट को देख कृष्णा आया, जिसके कारण उसका कपड़ा फट गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला

दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़े कापसी निवासी 24 वर्षीय लोकेश दास पिता प्रेमदास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि आनलाईन बिजनेस तथा खेती किसानी का काम करता हूं और 14 मार्च को करीबन ढाई बजें अपने दोस्त पीव्ही 58 द्वारिकापुरी निवासी कृष्णा मण्डल के साथ स्टाप डेम बड़े कापसी नहाने गया था, जहां पर पहले से सूरज निवासी नयापारा कापसी एवं सुजीत कर निवासी पीव्ही 07 छोटेकापसी ने स्टाप डेम बड़े कापसी से नहाकर निकल रहे थे। आरोपी बड़े कापसी निवासी किशोर नाग ने स्टाप डेम में नहाने से मना करते हुए गाली दिया और तुम लोग स्टाप डेम में नहाने आए हो, यहां पहले ▶▶ शेष पेज 10 पर



# बीएसएफ आईजी पहुंचे कोदापाखा सीओबी जवानों के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/दुर्गूकोंदल

कांकेर जिले के अंदरूनी ईलाकों में बीएसएफ की कई कंपनी तैनात है और इनका मुख्य कार्यालय भिलाई में स्थित है, जिसकी कमान बीएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक के पास है। बीएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह जवानों की हौसला अफजाई करने के लिए कोदापाखा सीओबी होली के अवसर पर पहुँचे और कोदापाखा में जवानों के साथ होली का जश्न मनाया। जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सीओबी कोदापाखा में औचक आईजी बीएसएफ आनंद प्रताप सिंह पहुँचे और उन्होने उपस्थित जवानों के साथ होली मनाने का निर्णय लिया। आईजी ने जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवान कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने जवानों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए उनके अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना किया। इस अवसर पर जवानों के साथ पारम्परिक रंग-गुलाल खेला गया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उत्सव का आयोजन किया गया। बीएसएफ आईजी ने कहा कि त्यौहार का असली आनंद अपनों के साथ होता है और बीएसएफ के जवान एक परिवार की तरह हैं। उन्होंने सभी जवानों को कर्तव्यपरायणता के साथ देश की सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। आयोजित आयोजन में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

# विधायक कार्यालय में होली की धूम उड़े गुलाल, सजी फागों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- रंगोत्सव में विधायक आशाराम नेताम जमकर थिरके





विधायक कांकेर के बेवरती कार्यालय अंगना में आयोजित फाग एवं होली मिलन उत्सव में पहुँचने वाले शहर एवं ग्रामीणवासियों के साथ विधायक आशाराम नेताम गुलाल लगाते हुए सभी के साथ थिरकते हुए नजर आएं। यह नजारा देखने लायक रहा। अंगना में पहुँचने वाले प्रत्येक व्यक्ति से विधायक व्यक्तिगत गुलाल लगाया और उसके साथ होली मनाई। आयोजन का पूरा माहौल होली के उल्लास में सराबोर रहा। विधायक, पूर्व सांसद व अन्य नेताओं ने पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर अंमना में पहुंचते हुए लोग झूमते नजर आए। होली के दूसरे दिन 15 मार्च को विधायक आशाराम नेताम ने अपने गृहग्राम बेवरती में स्थित विधायक कार्यालय अंगना में फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया। विधायक के आयोजन में भाजपा के पूर्व विधायक, पूर्व सांसद के अलावा भाजपा के पदाधिकारी एवं सदस्य के अलावा आम आदमी व कांग्रेस के कई लोग भी नजर आया। शहर से पहुँचने वाले शहरवासियों का गुलाल से स्वागत करने के लिए गांव की महिलाएं सबसे पहले सामने आई और उसके बाद ही लोग विधायक से रूबरू होते हुए नजर आएं। विधायक गांव व शहर से पहुँचने वाले हर व्यक्ति से व्यक्तिगत गुलाल लगाते हुए उनके साथ थिरकते हुए नजर आएं। जनप्रतिनिधियों में विधायक एवं सांसदों के ▶▶ शेष पेज 10 पर

### फाग गीतों से गूंजा अंगना परिसर

होली मिलन समारोह में लोक परंपरा का विशेष रंग देखने को मिला। विधायक, पूर्व सांसद द्वारा गाए गए फाग गीतों से अंगना में सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दिखी। मुख मुरली बजाए, छोटे से श्याम कन्हैया, तैं मोला मोहिनी डाल दिये रे और रंग बरसे गीत, फागुन मस्त महीना और चना के डार राजा गीत जैसे कई गीतों की धूम रही।

## शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



**स्व. श्री दुकालू सिंह नेताम**

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि मेरे पति **श्री दुकालू सिंह नेताम** का आकस्मिक निधन दिनांक 13/03/2025 दिन- गुरूवार को हो गया है। जिसकी आत्मा कि शांति के लिए निम्न कार्यक्रम में पधारकर शोकाकुल परिवार को सान्त्वना प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| बैठक | - दिनांक- 18.03.2025, दिन- मंगलवार |
| संपूर्ण कार्यक्रम | - दिनांक- 19.03.2025, दिन- बुधवार |
| स्थान | - ग्राम- भुईगांव (खरथा) जिला-कांकेर |

:: शोकाकुल परिवार ::
सुरजू राम, नितेन्द्र, तरूण, हेयांश, हेमांशु, मानसिंग, तुलाराम, अनंदसिंग, छबीलाल, एमेश, सुखेन्द, प्रीत एवं समस्त नेताम परिवार...

:: विनीत ::
श्रीमति आसबती नेताम (पत्नि)
पुखराज - स्वाति नेताम (पुत्र-पुत्रवधु)
डीटेन्द्र-कामनी नेताम (पुत्र-पुत्रवधु)
ग्राम भुईगांव (खरथा), जिला- कांकेर

नोट- जिन स्वजनों को शोकपत्र नही मिल पाया है, इसे ही शोक संदेश स्वीकार करें।

## आदिवासी क्षेत्र के 20 युवाओं को वाराणसी किया गया रवाना

# युवाओं में होगी नेतृत्व क्षमता का विकास व बढ़ेगी सामाजिक जिम्मेदारी की समझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अतिसंवेदनशील ईलाके के 20 युवक व युवतियों को दूसरे राज्यों की आदिवासी संस्कृति को जानने एवं देश की संस्कृति को जानने के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लिए 17 मार्च को रवाना किया गया, यह टीम एक सप्ताह बाद 23 मार्च को वापिस आएगी। वाराणसी में नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वावधान में आयोजित आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 10 युवक और 10 युवतियां बीएसएफ के दुर्गूकोंदल आफिस से रवाना हुए। यह युवा बस से रायपुर पहुँचे और रायपुर से रेलमार्ग द्वारा वाराणसी के लिए प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करना और उन्हें सरकारी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण पर कार्यशालाएं, युवा नीति और स्वयंसेवा पर चर्चा, योग सत्र, वृक्षारोपण कार्यक्रम आदि शामिल हैं। युवाओं की टीम को रवाना करते हुए 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल दुर्गुकोंदल के द्वितीय कमान अधिकारी जेआर कुजूर ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक होगा, बल्कि उन्हें अपने समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। यह कार्यक्रम युवाओं के बीच नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आयोजित कार्यक्रम में देशभर से युवक पहुँचेंगे, वहाँ से सीखकर आना है और उसे अपनाना है। टीम को रवाना करने के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा, उप समादेष्टा गुरचरण सिंह, डॉ. रवि कुमार और बीएसएफ का अमला उपस्थित रहे।




## पाठक सूचना

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**कोण्डागांव।** भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के इच्छुक पुरुष उम्मीदवार 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी पवन कुमार नेताम ने बताया कि अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क या स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडमेन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।ड्यूटी के लिए शैक्षणिक योग्यता – अग्निवीर सामान्य ड्यूटी के लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वी में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है, अग्निवीर क्लर्क या स्टोर कीपर तकनीकी हेतु शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में कक्षा 12वी में न्यूनतम 60 प्रतिशित अंक एवं प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## पेज 9 के शेष

### कापसी डेम में...

घटना घट चूका है कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी किशोर नाग ने डण्डा से पीठ और गर्दन में हमला कर चोट पहूंचाया है तथा मेरा कपड़ा को पकड़कर फाड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### विधायक कार्यालय में...

द्वारा अपने निवास में होली मिलन महोत्सव का आयोजन करते आ रहे है, परंतु इसमें पार्टी के पदाधिकारी एवं वीआईपी ही शामिल होते थे। विधायक आशाराम नेताम के गृहग्राम बेवरती में आफिस अंगना परिसर में इस बार के होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा गाँव उमड़ पड़ा। वीआईपी के साथ पूरे गाँव के अलावा आसपास गाँव से पहुँचे लोगों में उत्साह देखने को मिला। फाग में गाँव के लोग झूमते हुए नजर आएं।

# पुलिस ने किया 25 लाख का मोबाइल रिकवर और 174 लोगों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर साइबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक माह के भीतर 174 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की बाजार कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है।

**1500 से अधिक मोबाइल लौटाए, एक करोड़ से ज्यादा की रिकवरी** – साइबर सेल की सक्रियता से अब तक कुल 1500 से अधिक गुम हुए मोबाइलों को उनके असली मालिकों तक पहुंचाया जा चुका है। इन मोबाइलों की कुल कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

**एसपी का संदेश गलत हाथों में न दें मोबाइल** – एसपी वाय अक्षय कुमार ने मीडिया के माध्यम से आम जनता से अपील की कि अगर किसी को कोई गुम मोबाइल मिले तो उसे तुरंत नजदीकी थाने में जमा करें। बिना बिल के मोबाइल न खरीदें और किसी दूसरे के फोन का गलत उपयोग न करें।

**इनकी रही अहम भूमिका** – इस अभियान में साइबर सेल के सागरबती सोरी, लूमन सिंह भंडारी, जितेंद्र मरकाम, चौतराम मरकाम, बीजू यादव, मनोज पोयाम, कृष्णा नेताम, मनीष बोस, मनोज मरकाम और लखुराम मरकाम की सराहनीय भूमिका रही। कोंडागांव पुलिस की इस पहल से न केवल लोगों को उनके कीमती मोबाइल वापस मिले हैं बल्कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।

## बिना बिल मोबाइल नहीं खरीदने की अपील

### गुम मोबाइल मिलने पर खिले चेहरे

बरामद मोबाइलों में वनप्लस, सैमसंग, रेडमी, रियलमी और वीवो जैसी महंगी कंपनियों के फोन शामिल हैं। मोबाइल मालिकों को जब उनका फोन लौटाया गया तो उनकी खुशी देखते ही बनी। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने अपने फोन मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन पुलिस की सक्रियता से उन्हें उनका कीमती मोबाइल वापस मिल गया।



### कोण्डागांव पुलिस की शानदार उपलब्धि

पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के मार्गदर्शन में साइबर सेल की टीम लगातार गुम हुए मोबाइलों को खोजने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल व उप पुलिस अधीक्षक सतीष कुमार भार्गव के निर्देशन में इस अभियान को सफलता मिली। पुलिस ने न केवल छत्तीसगढ़ के बस्तर, बीजापुर, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे जिलों से बल्कि ओडिशा, महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे सीमावर्ती राज्यों से भी मोबाइल रिकवर किए हैं।

## निरीक्षण : समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# कलेक्टर ने किया माकड़ी का दौरा किसानों और ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को माकड़ी विकासखंड के अमरावती, बीजापुर, अनंतपुर, एरला, पीढ़ापाल और विकासखण्ड मुख्यालय माकड़ी में पहुंचकर स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालयों का निरीक्षण किया तथा किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। उन्होंने ग्राम अमरावती स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में किसान आईडी के पंजीयन के लिए आए किसानों से भेंटकर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों से बातचीत करने के उपरांत कलेक्टर श्री दुदावत ने लो–वोल्टेज समस्या, रबी फसल के लिए खाद आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एनिमिया मुक्त कोंडागांव अभियान के तहत किए जा रहे कायोंर् की जानकारी ली और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए।



**बीजापुर में आंगनबाडी और स्कूल का किया निरीक्षण** – कलेक्टर ने बीजापुर स्थित आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत की और आंगनबाडी कार्यकर्ता से कुपोषण से सम्बंधित जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान बच्चों से रंगों की पहचान, संख्या और फलो, पशुओं के नाम भी पूछे। उन्होंने इस दौरान आगनबाडी कार्यकर्ता से बच्चों की वजन करने के लिए कहा और वजन पंजी से मिलान किया। बच्चो को उन्हें मिलने वाली पोषण आहार के बारे में भी पूछा। तत्पश्चात शासकीय जनपद प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और वहां बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों से गणित के सवाल भी पूछे। ग्रामीणों द्वारा शिक्षक की मांग करने पर एक अतिथि शिक्षक की पदस्थापना के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया।

**अनंतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण** – कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अनंतपुर का निरीक्षण कर उन्होंने यहां मरीजों की संख्या, उपलब्ध दवाइयों और कालातीत दवाओं की स्थिति की जानकारी ली। 'एनीमिया मुक्त कोण्डागांव' अभियान की प्रगति अपेक्षा—त नहीं होने पर स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों को कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए।

**एरला में ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना** – ग्राम पंचायत एरला में कलेक्टर ने वहां के ग्रामीणों से मिलकर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की, इस दौरान दौरान उन्होंने आवास हितग्राहियों से आवास निर्माण की समस्याओं पर चर्चा की और सचिव को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को एग्री स्टैक के लिए पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया, जिससे वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। ग्रामीणों ने कलेक्टर से लो वोल्टेज की समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होंने विभाग को समस्या के निदान के लिए निर्देशित किया।

### पीढ़ापाल में जल जीवन मिशन के कार्यों को देखा

ग्राम पीढ़ापाल में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत नव निर्मित पानी टंकी का निरीक्षण किया और एक घर में जाकर जल आपूर्ति की स्थिति देखी। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण में रुचि लेने और शीघ्र पूर्ण करने की अपील की।

### जनपद पंचायत माकड़ी का निरीक्षण

जनपद पंचायत माकड़ी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पेंशन, राशन, और प्रशासनिक कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके पश्चात, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय माकड़ी का निरीक्षण कर छात्रओं से उनकी शिक्षा और समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव सहित जिला व खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा विभाग लगातार कर रहा मिठाई दुकानों की निगरानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोण्डागांव के मिठाई दुकानों के नमूने जांच के लिए भेजे गए रायपुर स्थित प्रयोगशाला
- त्यौहारों में गुणवत्तायुक्त मिठाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार की जा रही कार्रवाई

त्यौहारों के दौरान ग्राहकों को गुणवत्तायुक्त मिठाइयां मिले यह सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार मिठाई दुकानों की निगरानी की जा रही है। आमतौर पर त्यौहारों के नजदीक आते ही मिठाई विक्रेताओं द्वारा अधिक से अधिक मिठाई बनाने व विक्रय करने के चक्कर में गुणवत्ताहीन मिठाई का निर्माण किया जाता है। मिठाई की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले के मिठाई दुकानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है और नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जा रहा है।

जांच में अमानक पाये जाने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध कार्रवाई– कोण्डागांव के लाला होटल से खोवे की बनी हुई मिठाई ग्रीन बर्फी और पेडा, फरसगांव के अन्ना नमकीन से बालूशाही और बेसन तथा केशकाल के मां भगवती बीकानेर स्वीट्स एण्ड नमकीन से खोवा और अंजीर कलाकंद का नमूना लिया गया है। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। जांच में अमानक पाये जाने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# म्यूल एकाउंट पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

साइबर पोर्टल के समन्वय एप के माध्यम से साइबर सेल कोण्डागांव को म्यूल एकाउंट का शिकायत प्राप्त हुआ की सरस्वती ज्वेलर्स एंड सन के संचालक गोपी सोनी के द्वारा अपने पंजाब नेशनल बैंक के खाते को साइबर ठगो को किराए पर दिया जा रहा है और उस खाते में लगभग 99 लाख की ठगी की रकम आया है और उस खाते का इस्तेमाल ठगी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है कि रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 94द्25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**एसपी ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश**–मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय वाय अक्षय कुमार से निर्देश प्राप्त हुआ कि प्रकरण में विधिवत कार्रवाई करें जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुभागीय अधिकारी पुलिस रुपेश कुमार तथा साइबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में मामले की विवेचना प्रारंभ की गई तथा गोपी सोनी से पूछताछ करने पर बताया कि पखांजूर निवासी तनुज सरकार से मुलाकात होने के पश्चात तनुज सरकार ने बताया था कि साइबर ठगो द्वारा ठगी के लिए बैंक खाते का इस्तेमाल किया जाता है। यदि तुम अपना खाता किराए पर देते हो, तो तुम्हें इसके बदले जितना भी रकम तुम्हारे खाते पर आएगा उसका 35 परसेंट तुम्हें प्राप्त होगा, जिसके लालच में आकर यह जानते हुए भी कि साइबर ठगी से प्राप्त धन है, अपना खाता साइबर ठगो को इस्तेमाल करने के लिए दिया था।



**म्यूल एकाउंट साइबर अपराधियों को प्रदान करने पर आरोपी** - 1. तनुज सरकार पिता रविन्द्र सरकार उम्र 34 वर्ष निवासी पंखाजूर जिला कांकेर छद्गगढ़, 2. गोपी सोनी पिता पुखराज सोनी उम्र 25 वर्ष जाति सोनार निवासी महात्मा गांधी उमरकोट रोड कोण्डागांव थाना व जिला कोण्डागांव छ.ग., 3. इन्द्रजीत बढई पिता रविन्द्रनाथ बढई उम्र 37 वर्ष निवासी सरगीपाल पारा कोण्डागांव थाना व जिला कोण्डागांव छद्गगढ़ स्थाई पता सरकारी अस्पताल के पीछे भानुप्रतापपुर जिला कांकेर छ.ग. को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया जा रहा है। संपूर्ण कार्यवाही में निरी सौरभ उपाध्याय, स उ नि दिनेश पटेल, एवं साइबर सेल जिला कोण्डागांव का विशेष योगदान रहा।

# नाबालिग से अनाचार का आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिक लडकी को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 95,2025 धारा 137(2) ठछै का पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल पीड़िता का पता तलाश करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर जो कि पीड़िता एवं अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया गया।



**शादी का प्रलोभन देकर किया रेप**–पीड़िता को 18 वर्षीय आरोपी लखेश्वर के कब्जे से दस्तयाब किया गया एवं पीड़िता ने अपने कथन में बताया कि आरोपी के द्वारा मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर बहलाफुसलाकर ले गया था और पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार नाबालिक जानते हुए भी बलात्कार किया। पीड़िता कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64(2)(ड) एवं पास्को एक्ट की धारा 6 जोड़ा गया एवं आरोपी लखेश्वर कश्यप को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड में जेल दाखिल किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. सौरभ उपाध्याय, सउनि राजकुमार कोमरा, एवं थाना कोण्डागांव टीम का विशेष योगदान रहा।

### बस्तर पंडुम के आयोजन के लिए हुई बैठक

**बीजापुर।** बस्तर पण्डुम के ब्लॉक स्तरीय आयोजन करने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यशवंत कुमार नाग की अध्यक्षता में जनपद पंचायत भोपालपटनम के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि साथ ही साथ सभी ग्राम पंचायत स्तर से आए ग्राम प्रमुखों मांझी, पटेल एवं अनुभाग स्तरीय समस्त अधिकारी, तहसीलदार, ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे। बैठक में शासन प्रशासन स्तर से जारी की गई शिक्षा निर्देशों के पालन में, जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति, परम्परा, लोक कला, शिल्प, तीज त्यौहार, खान - पान, बोली- भाषा, रीति-रिवाज, वेश- भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारम्परिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य व्यंजन, पेय पदार्थ के मूल स्वरूप के संरक्षण संवर्धन एवं कला समूहो के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पण्डुम का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 17 मार्च से 19 मार्च तक आयोजन के संबंध में चर्चा किया गया।

# पति-पत्नी से मारपीट की और जान से मारने दी धमकी, तीन पर मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत मामूली बात को लेकर तीन आरोपियों ने मिलकर पति व पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंची पीव्ही 61 बलरामपुर निवासी 26 वर्षीय साधना मंडल पति विवेक मंडल ने पुलिस को बताया कि 14 मार्च को गांव में सभी होली खेल रहे थे। मेरी सासु मां मंजू मंडल गोपाल सरदार के घर गई थी। उस समय गोपाल सरदार अपने लड़के सुजीत सरदार के लिए लड़की देखने की बात उठाने पर मेरी सासु मां ने गोपाल सरदार को बताया कि सुजीत गांव के एक लड़की से प्यार करता है। उसी लड़की से शादी क्यों नहीं करवा देते हो, तब गोपाल सरदार ने मेरी सासु मां के साथ झगड़ा विवाद कर गाली देने लगा। मेरी सासु माँ बिना विवाद किए घर आ गई। कुछ ही देर में पीछे-पीछे आरोपी सुजीत सरदार, सरोजित सरदार, गोपाल सरदार भी



हमारे घर दोपहर करीबन डेढ़ बजें आए और गाली देते हुए कहने लगे कि तुम्हारे परिवार बहुत बढ़ गया है। आज तुम्हारे पूरे परिवार को मार डालता हूं। आरोपी सुजीत ने लोहे की छड़ लेकर मेरे पति विवेक मंडल और मेरे ऊपर हमला बोल दिया। इसके अलावा उसके साथ आएं सरोजित सरदार और गोपाल सरदार ने हाथ मुक्का लात से मारपीट किए है। मारपीट से मुझे बांए हाथ, दाहिने पैर में और मेरे पति विवेक के बांए कनपटी के ऊपर व नाक में चोट लगा व काफी खून निकला है। पखांजुर पुलिस ने शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## उपाध्याय बनने पार्षदों को जोड़ने तोड़ने में जुटे हैं दावेदार

# नपा उपाध्यक्ष बनाने कवायद हुई तेज, नगर में चर्चाओं का बाजार हो रहा गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव नगर पंचायत में उपाध्यक्ष बनाने को लेकर राजनीति गलियारों में चर्चाओं का दौर जोरो पर है। नगर पंचायत में अध्यक्ष सीट पर भाजपा के प्रत्याशी प्रशांत पात्र (गोलू) ने जीत दर्ज की है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और 15 वार्डो के नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण कर लिया है। शपथ ग्रहण के बाद से नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के चुनाव की तिथि आने के बाद से उपाध्यक्ष बनाने की कवायद तेज हो गई है। नगर के चौक चौराहों पर उपाध्यक्ष पद को लेकर चर्चा जोरो पर है, आखिर कौन बनेगा नगर पंचायत का उपाध्यक्ष किसे उपाध्यक्ष की ताज मिलेगी। अब देखना होगा कि क्या पुराने अनुभवी पार्षद बाजी मारेगे या इस बार नए पार्षद उपाध्यक्ष बनेंगे जो वर्षो से उपाध्यक्ष बनने की राह तक रहे है। फिलहाल नगरवासियों को 18 मार्च को उपाध्यक्ष पद हेतु होने वाले चुनाव का इंतजार है।



**कांग्रेस-भाजपा दोनों के हैं 7-7 पार्षद और 01 निर्दलीय पार्षद-** नगर पंचायत फरसगांव के 15 वार्ड के पार्षदों में कांग्रेस और भाजपा के 7-7 पार्षद जीत कर आये हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 14 के कांग्रेस पार्टी एक बागी प्रत्याशी विनोद कुमार पांडे ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों को मात देकर ने जीत दर्ज की हैं।

**क्या संगठन की मजबूती व एकता पर मित्रता और रिश्ते पड़ेंगे भारी-** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस पार्टी में एक ही उम्मीदवार विजय लाडगे उपाध्यक्ष पद की दौड़ में आगे है और जोड़-तोड़ की बात करे तो कांग्रेस पार्टी ने जीत कर आये बागी प्रत्याशी पर दांव लगाने का समीकरण सामने आ रहा हैं। नगर पंचायत की बात करें तो बीते 10 वर्ष पहले भाजपा के पार्षद ज्यादा जीत कर आये थे, लेकिन उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी का बना था। क्योंकि छोटे से नगर में राजनीति दलों के महत्व से ज्यादा मित्रता और रिश्ते को महत्त्व देते नजर आये थे। वहीं भाजपा संगठन ने हार के बाद भी दग़ा करने वाले पार्षद पर कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे इस बार भी भाजपा पार्षदो के तरफ से क्रास वोटिंग होती हैं तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। क्योंकि, भाजपा संगठन की तरफ से कोई कार्यवाही तो होगी नहीं।

### चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म कौन बनेगा उपाध्यक्ष

भाजपा में उपाध्यक्ष पद के लिए शैल सेठिया, मूलचंद पाण्डे और राजेश सोना प्रमुख दावेदार हैं। वहीं बगावत कौन करेगा और किसको बदनाम किया जायेगा इसकी भी तैयारी को लेकर राजनीति गलियारों का बाजार गर्म हो चुका है। उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा को सेंधमारी का डर सता रहा है। जिसके चलते भाजपा ने कांग्रेस के खेमे में सेंध लगाने का प्राराय शुरू कर दिया है। अब देखना होगा कि 18 मार्च को उपाध्यक्ष की ताज किसे मिलती है। अब देखना होगा कि कौन किस पर भारी पड़ेगा ।

### पासंगी से उपाध्यक्ष बनाने की मांग

वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष को लेकर नगर के चौक- चौराहो से लेकर गली-मोहल्लों में चर्चाओं का बाजार भी गर्म हो चुका है। इस बार पासंगी से नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनाने की मांग उठती दिखाई दे रही है। उपाध्यक्ष चुनाव में मित्रता, रिश्तेनाते और पार्टी के महत्त्व पर कौन भारी पड़ने वाला हैं। यह तो आने वाला समय ही बतायेगा और 18 मार्च को नगर पंचायत फरसगांव को उपाध्यक्ष मिल जायेगा।

### भाजपा ने किया जीत का दावा, क्रॉस वोटिंग पर होगी कार्रवाई: आकाश मेहता

नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर कोंडागांव जिले के भाजपा संगठन जिला महामंत्री आकाश मेहता ने कहा कि जीत हमारी होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष पर हमने जीत हासिल की है उसी तरह उपाध्यक्ष में भी जीत होगी। हमारे 7 पार्षद जीतकर आए अध्यक्ष के साथ आठ और निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी हमे प्राप्त है। हम उपाध्यक्ष बनाने की स्थिति में है। हम इस बात की गारंटी देते हैं कि हमारे पार्षद क्रॉस वोटिंग नहीं करेंगे। यदि इसी स्तिथि आती है तो उसे तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी ।

# स्व सहायता समूह ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

ग्राम पंचायत बांगाबारी में समस्त महिला स्व सहायता समूह के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रिय महिला दिवस धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच सावित्री नेताम, विशिष्ट अतिथि ग्राम संगठन अध्यक्ष सगाबाई मरकाम एवं प्रधान अध्यापक प्रथमिक शाला बंगाबारी अमिता मंडावी की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम में बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, फुग्गा फुलाओ प्रतियोगिता जैसे कई प्रकार के खेल का आयोजन हुआ, जिसमें सभी महिलाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा महिला सशक्तिकरण के ऊपर विशेष जोर दिया, साथ ही महिलाओ को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमीना मंडावी के द्वारा समस्त महिलाओ को प्रोत्साहन दिया गया। साथ ही परिवार में महिलाओ के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान अनिता नेताम, धनिता साहू, अंबिका नेताम, सावित्री वट्टी, ममता मरकाम, उर्मिला ध्रुव, संतोषी ध्रुव, हेमलता नेताम, भुनेश्वरी यादव, हेमलता निषाद, गणेशी मरकाम, गायत्री यादव, तुलसी साहू, लता साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन में महिलाओ, बुजुर्गो तथा खेल के विजेता महिलाओ को पुरुष्कृत किया गया।



## खबर संक्षेप



### महेंद्रपुर प्राशा में पाँचवीं के बच्चों को दी विदाई

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में पाँचवी के बच्चों को विदाई दी गई। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं इस दौरान बच्चों के लिए विविध खेलों का आयोजन किया गया। शाला और अतिथियों द्वारा बच्चों को उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच बलराम टेपरिया व अन्य अतिथियों में जनपद सदस्य पीलम नरेटी, उपसरपंच तीजन बाई गावड़े, शाला समिति के अध्यक्ष रतिराम जैन, रघुबीर जैन, प्रधानाध्यापक सुमित्रा कोठरे, देवाराम कोठारे, सुकुराम नेताम, देवीलाल मंडावी उपस्थित रहे। इस अवसर देवाराम कोठारे द्वारा न्योता भोजन कराया गया और कार्यक्रम के अंत में प्रधान अध्यापक सुमित्रा कोठरे द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### फिल्म मया के पाती 21 को रिलीज की जाएगी



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म मया के पाती स्काईलाइन स्टूडियोज के बैनर तले निर्मात्री नूतन शंकर, निर्देशन जे.नूतन पंकज द्वारा किया गया है। मया के पाती फिल्म की शूटिंग कांकेर में विगत 6 माह पहले हुई थी। जे.नूतन पंकज ने बताया कि फिल्म के सभी कलाकार और क्रू मेंबर्स 17 मार्च को हॉटल सुंदरम में दोपहर 4 बजे कांकेरवासियों से मुलाकात करेंगे। यह फिल्म बनकर तैयार हो गई है और 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म छत्तीसगढ़ी फिल्म प्यार की अनोखी कहानी हैं,जो कभी ना देखी ना सुनी गई हैं। इस फिल्म की सारी शूटिंग कांकेर की हसीन वादियों में की गई हैं।

### नवनिर्वाचित सरपंचों का आज से 28 तक प्रशिक्षण

**कांकेर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजनांतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचन पश्चात जिले के सभी नवनिर्वाचित सरपंचों का एक दिवसीय अभिमुखीकरण परिचायात्मक प्रशिक्षण 17 से 28 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण आजीविका महाविद्यालय गोविन्दपुर में प्रातः 10 से शाम 05 बजे तक जिला स्तरीय प्रशिक्षण टीम के द्वारा किया जाएगा, इसके लिए तिथिवार समय-सारणी जारी की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने बताया कि नवनिर्वाचित सरपंचों का आधारभूत प्रशिक्षण उन्मुखीकरण के लिए जनपद पंचायत कांकेर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण 17 मार्च को निर्धारित किया गया है।

### माय भारत पोर्टल पर 16 तक होगा पंजीयन

**कांकेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देश भर के युवाओं को विकसित भारत से संबंधित विचार जानने के उद्देश्य से माई भारत पोर्टल में विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम तीन चरणों में होगा। पहले चरण में प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल में पंजीकरण कर विषय विकसित भारत पर एक मिनट का विडियों अपलोड करना होगा। इस प्रतिभागियों की आयु 18 से 29 वर्ष के बीच में होनी चाहिए। पंजीकृत चयनित 150 प्रतिभागी पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय युवा संसद पर सहभागिता करेगें। जिला स्तर पर 10 चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चुने जाएंगे और राज्य स्तरीय से चयनित वक्ताओं को राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली संसद भवन में अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। उक्ताशय जानकारी नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अभिषेक आनंद ने दिया, उन्होने बताया कि 16 मार्च तक पंजीकरण करवा जा सकता है।

एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी पर्व की शुभकामनाएं

# नगर में धूमधाम से मनाया गया रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



भाईचारे और रंगों का पर्व होली नगर के साथ साथ ग्रामीण अंचल में भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगों के इस पर्व के प्रति लोगो का उत्साह और उमंग देखने लायक होता है। रंगों के पर्व होली पर युवाओं की टोली जहां लोगो को रोक - रोककर रंग - गुलाल लगाते दिखी। तो वही गली-मोहल्लों में लोगो ने नगाड़ो की थाप पर फ़ाग गीत गाते हुये होली मनाया। गुरुवार की रात्रि नगर में सभी मुख्य जगहों शिशु मंदिर परिसर, पुराना बस स्टैंड, पुराना बाजार, हारम पारा, पी डब्लू डी पारा व अन्य जगहों में विधि - विधान से होलिका दहन किया गया व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की गयीं। होलिका दहन के बाद मध्य रात्रि से ही लोगो के द्वारा एक दूसरे को होली की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया और दूसरे दिन तक यह दौर चलता रहा। शुक्रवार की सुबह से ही लोग एक - दूसरे को रंग - गुलाल लगाते होली की खुशियां बाँटते दिखते रहे। नगर सहित आस - पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगो ने रंगों के पर्व होली को अपने - अपने अंदाज में धूमधाम से मनाया। छोटे - छोटे बच्चो को पिचकारियों एवं अलग - अलग रंगों के अबीर - गुलाल के साथ एक दूसरे को रंग में रँगते हुए देखा गया। नगर में सुबह से ही चौक चौराहों पर युवाओं की टोली एक दूसरे को रंग गुलाल लगाती रही। बच्चे बुजुर्ग युवा सभी होली की मस्ती में डूबे रहे। कोई राह चलते लोगो पर पिचकारी की फुहार छोड़ रहा तो कोई पानी भरे गुब्बारे फेंकते हुए होली का आनंद ले रहा था। महिलाओं की टोली ने ढोल नगाड़ों के साथ घर - घर जाकर एक दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों एवम युवकों ने भी सद्भावना पूर्ण होली का त्यौहार मनाते हुए अपने बड़े बुजुर्गों पर पैर छूकर होली की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा शुरू होने के कारण बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों ने इस बार होली नहीं खेली। होली का त्यौहार होने के कारण प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर रखी थी। रंगों के पर्व होली के दौरान नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये जगह-जगह नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात किये गये थे। वहीं पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से पेट्रोलिंग की गई जिसे कारण नगर में शांति व्यवस्था कायम रही।

गौरतलब है कि असत्य पर सत्य की जीत के स्वरूप में इस पर्व को मनाया जाता है। और सभी जगहों पर पारंपरिक रूप से होलिका दहन किया जाता है। इसी क्रम में नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में भी होलिका दहन कर दूसरे दिन लोगों ने रंगों का पर्व होली मनाया।

## सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनो व आचार्यो ने खेली फूलों से होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भारतीय परंपरा एवं वैदिक रीति रिवाज के साथ भैया बहन व आचार्यो ने फूलो से होली खेली। और फाग गीत गाकर झूम उठे। केमिकल भरे गुलाल से दूर रह कर विगत कई वर्षों से विद्यालय में फूलों से होली खेली जाती है। बच्चों द्वारा अपने-अपने घरों से फूल का संग्रह कर लाया जाता है और फिर सभी फूलों से होली खेलते हैं। विद्यालय के अधिकतर भैया बहन घर में भी अपने परिवार के साथ फूलों से ही होली खेलते हैं। गुरुवार को विद्यालय परिसर में सादगी पूर्ण होलिका दहन किया जायेगा। जिसमें नगर से माताएं बहनो व पुरुषों द्वारा होलिका की पूजा कर फेरा लगाया जाता है और एक दूसरे से गले मिलते हैं। विद्यालय में भैया बहनो को आचार्यों द्वारा होली त्यौहार पर हिरण्यकश्यप प्रहलाद की कहानी सुनाई गई व बताया गया कि किस प्रकार बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत हुई। प्रकाश जनरल स्टोर गीदम व जैन बंधु जनरल स्टोर जगदलपुर द्वारा प्रतिवर्ष विद्यालय में पढ़ने गरीब तबके के भैया बहनों को रंग, गुलाल व पिचकारी की व्यवस्था करवाई जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन विद्यालय के भैया व आचार्य बंधु पिछड़ी बस्ती, सफाई कर्मचारी व थाना में जाकर सिपाहियों के साथ सादगी पूर्ण होली खेलते हैं। समाज में एक अच्छा संदेश देने व समाज में फैली हुई बुराइयां और कुरितियो को दूर करने के लिए आचार्य बंधुओं व भैया बहन प्रयास करते हैं। त्यौहार में मांसाहार का सेवन ना हो व नशीले पदार्थों का सेवन ना हो इसके लिए भैया बहन व आचार्य बंधु प्रचार प्रसार करते हैं।

## विधायक के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों का सम्मान और विकास पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में शनिवार को ग्राम पंचायत भोंड में एक भव्य विधानसभा नव निर्वाचित पच सरपंच जनपद सदस्य विधानसभा स्तरीय सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नवनिर्वाचित पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों की प्रथम बैठक संपन्न हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों का स्नेहपूर्ण स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सुचारु संचालन एवं जनहितकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन हेतु पंच, सरपंच और जनपद सदस्यों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया गया। यह सम्मान समारोह जनप्रतिनिधियों की भूमिका, अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ स्थानीय शासन को सशक्त करने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुआ।

रंगों के उल्लास और आपसी सौहार्द्र को समर्पित होली मिलन समारोह ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर सामाजिक समरसता को और मजबूत किया। इस आयोजन ने समुदाय के बीच सौहार्द्र, सहयोग और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से ही गांवों का समुचित विकास संभव हो सकता है। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे जनता की समस्याओं के समाधान और ग्राम विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## आजादी के बाद टेकलगुड़ियम में पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के दूरस्थ और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। शासन-प्रशासन के निरंतर प्रयासों से अब वे गांव भी रोशन हो रहे हैं, जो आजादी के बाद से अंधेरे में थे। इसी कड़ी में आकांक्षी विकासखंड कोंटा स्थित पूवर्ती कैंप अंतर्गत नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायत पेंटाचिमली के ग्राम टेकलगुड़ियम में पहली बार बिजली पहुंची है। गांव के 75 घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया है, जिससे वहां के निवासियों के जीवन में नई रोशनी आई है।

- नियद नेल्ला नार ग्राम टेकलगुड़ियम में पहली बार जले बल्ब, ग्रामीणों के चेहरों पर आई खुशी

वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित टेकलगुड़ियम के लोगों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा। जब गांव में पहली बार बिजली के बल्ब जले तो ग्रामीणों की आंखों में खुशी झलक उठी। शासन द्वारा चलाई जा रही नियद नेल्लानार योजना के तहत इस क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया, जिससे अब यहां के लोगों का जीवन और आसान हो सकेगा।

बिजली की सुविधा मिलने से गांव में अब कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अब पहले से बेहतर हो सकेगी, क्योंकि अब वे रात में भी रोशनी में अध्ययन कर सकेंगे। इसके अलावा छोटे स्तर पर व्यापार और उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। बिजली आने से डिजिटल सेवाओं का विस्तार होगा, जिससे गांव के लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार दूरस्थ और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कर रही है। बिजली के अलावा सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल से यह साबित हो रहा है कि विकास सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण और संवेदनशील इलाकों को भी इसका पूरा लाभ दिया जा रहा है।

टेकलगुड़ियम के ग्रामीणों का कहना है कि अब वे भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में अन्य जरूरी सुविधाएं भी गांव में मुहैया कराई जाएंगी।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जेकेरकेट्टा एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से कार्य किया।

## शहीद बाबूराव सड़मेक की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

सर्व आदिवासी समाज जलाबगू परगान क्षेत्र इकाई लिंगापुर ने क्रांतिवीर अमर शहीद वीर बाबूराव सड़मेक की जयंती के अवसर पर ग्राम लिंगापुर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांव के प्रमुख कोरम रोसैया सर्व आदिवासी गोंडवाना समाज के अध्यक्ष अल्वा मदनैया वर्तमान जिला पंचायत सदस्य कविता कोरम भूतपूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कूड़ेम जनपद उपाध्यक्ष नीलम गणपत वरिष्ठ कांग्रेस नेता कामेश्वर गौतम नागवंशी अशोक तालंडी सचिन आत्रम मेंकल संतोष तलापली विलास राव तालापल्ली लक्ष्मण मूर्ति आदि संख्या में ग्रामीण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। वीर बाबूराव सड़मेक एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी वीरता और बलिदान को याद करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वीर बाबूराव सड़मेक की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी वीरता को याद किया।

## शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायपुर के आदेशानुसार विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, समग्र शिक्षा के तत्वाधान में समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखण्ड खण्ड स्त्रोत समन्वयक दीपक बारसे के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में बी.आर.पी हरि कुमार कौशिक एवं स्पेशल एजुकेटर ( समावेशी शिक्षा) राजेश कुमार जांगड़े व रविशंकर साहू के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षकों के द्वारा 21 प्रकार के दिव्यांगता के संबंध में विशेष बच्चों की पहचान व उनके लाभ, शिक्षा, छात्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। स्पेशल एजुकेटर (समावेशी शिक्षा) श्री रवि शंकर साहू के द्वारा सांकेतिक भाषा जिसमें इंडियन साईन लैंग्वेज, अमेरिकन साइन लैंग्वेज, लोकोमोटर डिसेबिलीटी से संबंधित की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन गैप आइडेंटीफिकेशन फॉर ओस सीडब्ल्यूएसएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण में शाला त्यागी छात्रों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

## मधोता में हुई धाकड़ समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



ग्राम पंचायत मधोता में धाकड़ समाज की क्षेत्रीय वार्षिक बैठक का आयोजन रविवार को मंदिर प्रांगण में किया गया था जिसमें खोटलापाल, बोदरा, नदीसागर, पराली, सालेमेटा, टिकनपाल खैरगुड़ा, मधोता क्षेत्र से ग्राम प्रमुख एवं सदस्य सम्मिलित थे।

बैठक में धाकड़ समाज कल्याण समिति प. क.10281 की वार्षिक लेखा जोखा, क्षेत्र की सामाजिक गतिविधि पर चर्चा किया गया कोषाध्यक्ष प्रेमसागर ठाकुर ने बताया की प्रत्येक वर्ष वार्षिक सदस्यता शुल्क समाज के सदस्यों के द्वारा समाज कल्याण के लिए जमा की जाती है जिस राशि को बैंक खाते में जमा की जाती है उक्त राशि को समाज बंधु के कल्याण के लिए उपयोग की जाती है इसके अलावा क्षेत्र में हो रहे गतिविधि नीति नियम पर चर्चा किया गया। बीते वर्ष की तरह ही सगाई में केक काटना,शादी विवाह में कपड़ा लेन देन प्रतिबंध रहेगा, धाकड़ समाज कल्याण समिति जिला बस्तर की बनी नियमावली का पूर्ण पालन किया जायेगा।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रकोट में राम नवमी पर क्षेत्र से गाड़ी व्यवस्था कर कलश के साथ सम्मिलित होने की बात कही गई है। राम मंदिर निर्माण कार्य चित्रकोट में अवरुद्ध है जिसको लेकर क्षेत्र वासियों ने चिंता व्यक्त की है और कारण जानने का प्रयास किया है जो भी सहयोग होगा सहयोग प्रदान करने की बात कही गई है। कार्यक्रम में जिलाउपाध्यक्ष तुलाराम ठाकुर,वरिष्ठ जगन्नाथ सिंह,क्षेत्र सचिव कृष्णा ठाकुर, मीडिया प्रेमसागर, ग्राम प्रमुख पारेश्वर, मोहन सिंह, धबीर सिंह, जम्मू सिंह, धनेश्वर, हेमकुमार, भेलकु ठाकुर, बुट्टू सिँह, मंगलू ठाकुर, शम्भु ठाकुर, कमल सिंह एवं समस्त धाकड़ समाज सदस्य उपस्थित थे।

### चुटवाही स्वास्थ्य शिविर में 51 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में 12 मार्च दिन बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र पुसबाका के अंतर्गत आने वाला नियद नेल्लानार ग्राम चुटवाही में अनुविभागीय अधिकारी उसूर के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्ग दर्शन पर ग्राम चुटवाही में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमएचओ डॉ बीआर पुजारी द्वारा शिविर का निरीक्षण कर प्रमुख रूप से आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाने का निर्देश दिया गया। उपस्थित बीपीएम आरएचओ संदीप, मोहन, आरएचओ नम्रता कोर्राम, बीसी रीता, एमटी कमला कारम एवं ऑपरेटर धीरज सरकार एवं कृष्णा ताटी के पूर्ण सहयोग से कुल 51 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में कुल ओपीडी 108 रहा जिसमें पीवी 1 बुखार 12, सर्दी-खांसी 25, खुजली 5, गर्भवती महिलाओं की जांच 4 मोतियाबिंद 2, एनसीडी स्क्रीनिंग 60 टीकाकरण 4 एवं सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई।

### होली पेंशनरों के लिए बेरंग साबित हुआ

**जगदलपुर।** लगता है भूल गई सरकार पेंशनरों को होली के पूर्व महंगाई राहत का लाभ देना। सरकार नियमित कर्मचारियों को तो होली के पूर्व 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा कर होली का तोहफा दिया, किंतु बुजुर्ग पेंशनरों को भूल गई सरकार, जिससे पेंशनरों में घोर निराशा छा गई। जिससे रंगों का त्योहार होली बुजुर्गों के लिए बे रंग हो गई। उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने मीडिया को जारी बयान में कही। ताटी ने कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का महज एक आदेश हुआ करता था,लगता है छत्तीस गढ़ प्रांत का अलग होना पेंशनरों के लिए एक तरह से अभिशाप हो गया।

## आयुष विभाग की टीम बड़े देवड़ा पहुंची 74 ग्रामीणों का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




आयुष विभाग का मोबाइल मेडिकल यूनिट हाल ही में बस्तर जिले के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम बड़े देवड़ा पहुंची, जहां 74 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार कराया गया। इस शिविर में चर्मरोग, अर्श, स्त्रीरोग, वातरोग, उदयरोग के मरीज मिले। ग्रामीणों का उपचार करने में डॉ. बीएस प्रधान, फर्मासस्टि सुनील कुमार, कमलसेन, चौकीदार पीरेन्द्र कुमार यादव आदि शामिल रहे। बताया जा रहा है कि शिविर में विशेष तौर पर बुखार तथा उल्टी-दस्त जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी चिकित्सिकीय सलाह दी जा रही है। इस दिशा में घर के समीप साफ-सफाई रखने, घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, हैंडपंप या सोलर ड्यूल पम्प के समीप संग्रहित गन्दे पानी की समुचित निकासी करने सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग और गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने और बीमारियों से पीड़ित होने पर समीपस्थ आयुष स्वास्थ्य केन्द्र अथवा औषधालय में स्वास्थ्य जांच एवं उपचार करवाने की समझाईश देकर स्वस्थ्य जीवनचर्या पर जनजागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

- शिविर में मिले चर्मरोग, अर्श, स्त्रीरोग, वातरोग, उदयरोग के मरीज

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल

नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर

0771-4050006, 81031 28515

डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO

डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच

एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कक्षा 5वीं और 8वीं के बच्चों को दी विदाई

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के बालक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को कक्षा पांचवीं एवं कक्षा आठवीं के बच्चों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए एकलव्य आवासीय विद्यालय प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करना है तो आपको अनुशासित रहकर समयनिष्ठ एवं स्वावलंबी बनकर मेहनत करना होगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुमित्रा बघेल, पूनम वाधवानी, प्रियंका यादव, मधु ध्रुव, दत्ता हरिशंकर उइके, रेशमा करके, मंजुषा मिन्ज एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### व्यवसायिक परीक्षा के लिए 19 तक है मौका

**कांकेर।** जिले के समस्त शासकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थाओं में राज्य व्यावसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) के अंतर्गत प्रवेशित सत्र 2024-25 में छैमाही व्यवसाय के नियमित एवं पूरक पात्र परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 19 मार्च निर्धारित है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर के प्राचार्य ने बताया कि भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों जो पात्रता रखते हों, वे परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित उक्त तिथि को कार्यालयीन अवधि में संबंधित आईटीआई में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

## निधन

### लालसाय पुड़ो

**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत



दुर्गूकोंदल के आश्रित ग्राम भुरकागुदुम निवासी लालसाय पुड़ो का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम भुरकागुदुम में किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल हुए।

### जैनबाई भारद्वाज

**दुर्गूकोंदल।** व्यापारी संघ दुर्गूकोंदल के मॉडर्न ट्रेलर एवं



फैशन सैलून के संचालक केशव भारद्वाज की धर्मपत्नी जैनबाई भारद्वाज (55) का बीती रात निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डौंडी मरारटोला में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार, व्यापारी ग्रामीण महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे किशोर भारद्वाज, अखिलेश भारद्वाज की माता थीं।

पर्व : पुलिस की रही पैनी नजर, सुरक्षा के लिहाज से जवान रहे तैनात

# नगाड़ों की थाप पर फाग की मस्ती और उड़े गुलाल, बच्चों ने जमकर चलाई पिचकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

- माथे पर टीका और गालों पर गुलाल लगाकर मनाई होली









अंचल में शुक्रवार को होली का हर्ष और त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। एक दूसरे पर रंग की फुहार छोड़ी और गालों पर गुलाल लगाने का सिलिसला सुबह से प्रारंभ हुआ, जो दिनभर चलता रहा। सुबह से शाम तक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फाग मंडलियों द्वारा तान छेड़ी गई एवं स्वर लहरियों पर होरियारे झूमते रहे।

गुरूवार 13 मार्च को होलिका दहन के बाद शुक्रवार की सुबह रंग पर्व की शुरूआत हुई। सुबह से हाथों में पिचकारी थामें बच्चों ने एक दूसरे पर रंग फेंकने का सिलिसिला शुरू किया, वहीं दिन चढ़ने के बाद होरियारों की टोलियों ने रंग की बरसात की। बच्चों के रंगों का सामना करते बड़ों ने भी गुलाल लगाकर आदर्श होली खेली। घरों में भी जमकर रंग बरसा और लोगो ने आपसी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे को बधाईयां दी। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली के खेलने का रिवाज बढ़ा है। होली के पर्व पर समाज के लोगों ने धूमधाम से होली का पर्व मनाया, इसके अलावा मुहल्ले में टोली बनाकर होली खेलने के लिए लोग निकले। एक दूसरे के घरों में पहुँचकर होली पर्व का जमकर लुत्फ उठाया। होली का दिन शुक्रवार होने के कारण पुलिस प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे, जिसके चलते गलियों व मोहल्लों में पुलिस बल तैनात किया गया था। होली का पर्व शांतिढंग से संपन्न हुआ। ऊपर नीचे रोड पर कुछ बच्चों का आपसी विवाद का वीडियो जरूर वायरल हुआ, परंतु दोनो पक्षों में एक भी पक्ष शिकायत करने थाने नहीं पहुँचा, वही घटना की खबर मिलते ही पुलिस के पहुँचते ही मारपीट करने वाले युवक भाग गए।



### कलेक्टर निवास में अधिकारियों ने मनाई होली

कलेक्टर निवास में भी होली के अवसर पर विधायक आशाराम नेताम पहुंचे, साथ ही जिले के सभी विभाग के आला अफसर भी होली मनाने के लिए पहुँचे थे। कलेक्टर परिसर में होली का अच्छा माहौल देखने को मिला। एक टीम फाग गीत गाते हुए नजर आई।

### बाबा रामदेव मंदिर में फूलों की होली



राजस्थानी समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत पुराने कम्यूनिटी हॉल के पास स्थित बाबा रामदेव मंदिर में सबसे पहले फूलों की होली खेली, उसके उपरांत गुलाल का टीका लगाकर गुलाल से होली खेली। बाबा रामदेव मंदिर में विधायक आशाराम नेताम भी पहुँचे और राजस्थानी समाज बंधुओं के साथ जमकर फूलों की होली मंदिर परिसर में खेली। इस अवसर पर राजस्थानी समाज के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण, शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दुधावा पुलिस चौकी पर दूसरे दिन जवानों ने मनाई होली



**बासनवाही।** दुधावा चौकी परिसर में होली के दूसरे दिन शनिवार 15 मार्च को दोपहर 01 बजे पुलिस, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पत्रकारो ने धूमधाम से होली मनाई। विदित हो कि होली में सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवानों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिए होलिका दहन से लेकर होली संपन्न कराने दिन रात ड्यूटी में मुस्तैद रहे, यही वजह रही कि दुधावा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से रंगों का त्योहार होली शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया और बड़े ही शांति प्रिय तरीके से होली का पर्व जनता ने मनाया। होली के दूसरे दिन पुलिस की होली थाना परिसर में हुई जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार भी शामिल हुई डीजे की धुन पर सबने ठुमके लगाए। चौकी प्रभारी योगेंद्र वर्मा के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर पुलिस बल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस जवानों ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।चौकी प्रभारी ने कहा कि होली पर्व लोगों को समाज में मिल जुलकर शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहने का संदेश देता हैं। इस अवसर पर चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक छत्रपाल साहू, जनपद पंचायत नरहरपुर उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम, टिकेश्वर सिन्हा, यशवंत सुरोजिया, निरंजन गंजीर, पंचू साहू, चन्द्रभान साहू, दीनदयाल साहू, पवन नेताम, यशवंत नेताम, प्रदीप सार्वा, अरविंद भारती एवं पुलिस स्टाप शामिल रहे।

### लोहत्तर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक के लोहत्तर क्षेत्र हर्षोल्लास से होली त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य विकास राजु नायक, सरपंच बसंती भालेश्वर, उपसरपंच गोविन्द दीवान, कन्हैया पात्र सरपंच ग्राम पंचायत परभेली, चाँदनी शांतिलाल जाड़े सरपंच ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और एक दूसरे को रंग ग़ुलाल लगाया और कहा कि यह खुशियों और उमंगों से भरा हुआ त्योहार सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा लाएगा और देशवासियों में एकता के रंग भी और गहरे होंगे। होली का उत्सव समाज की एक सुंदर अभिव्यक्ति है, जिसमें सभी उम्र के लोग शामिल होते हैं। होली न केवल सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है, बल्कि इस त्यौहार के माध्यम से पूरे भारत में समुदायों के बीच एकजुटता, सद्भाव और हंसी खेल की भावना भी उजागर होती है, जिसमें ग्राम लोहत्तर, सोनादई, सिलपट, आमागुहान दमकसा परभेली और जाड़े कुर्से में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें लोहत्तर क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए शांतिपूर्ण रूप से होलिका उत्सव मनाया।

### पतंजलि योग समिति के होली मिलन में योग शिविर के आयोजन पर की गई चर्चा



**कांकेर।** पतंजलि योग समिति के जनक योग ऋषि स्वामी रामदेव के आव्हान पर योग के कार्यक्रमों की बढ़ोतरी के उद्देष्य से पतंजलि की जिला समिति के द्वारा पं. सुंदरलाल शर्मा विश्विद्यालय भवन कांकेर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पतंजलि की राज्य समिति की ओर से जगदलपुर के वरिष्ठ योग शिक्षक हरिप्रसाद राव विशेष रूप से उपस्थित रहें।

जिले की विभिन्न तहसीलो से आए हुए योग शिक्षकों ने आगामी 8 अप्रैल से कांकेर में निःशुल्क योग शिविर लगाने पर चर्चा किया। इस अवसर पर इला हरिप्रसाद राव ने कहा कि स्वामी रामदेव इन दिनों योग के साथ ही भारतीय शिक्षण पद्धति के विस्तार पर भी विचार कर रहे हैं। उनके दो शिष्य आचार्य नरेन्द्र देव और आचार्य परमार्थ देव का इन दिनों बस्तर दौरा भी चल रहा है और इनके द्वारा योग शिविरों के साथ ही प्राकृतिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी जगदलपुर, बीजापुर, नाराणपुर जिला में हो रहा है। कांकेर में 8 से 12 अप्रैल तक निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. दादूलाल पटेल ने कहा कि हम सब को मिलकर इस आयोजन की सफलता के लिए प्रयास करना है। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष उपेश्वर ठाकुर और कुंदन साहू ने बताया कि पिछले दिनों कांकेर के एक दल ने हरिद्वार से योग प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अब कांकेर में प्रशिक्षित योग शिक्षकों की संख्या में वृद्धि हुई है। होली के दूसरे दिन आयोजित मिलन समारोह में समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दिया और शिविर के सफल संचालन के लिए भरपूर प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक में पतंजलि योग समिति के महासचिव भारतेन्दु समुन्द, शांति सुरोजिया, सुनील साहू, दुर्गा नायक, अमरो सिन्हा, सोहन दास मानिकपुरी, तुलसीराम पिपरैया, कुमार साहू, राजकुमारी सुरोजिया व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### कोसरिया गाड़ा समाज अंतागढ़ के खिलेश्वर बने ब्लॉक अध्यक्ष



**अंतागढ़।** कोसरिया गाड़ा गंधर्व समाज ब्लाक अंतागढ़ का चुनाव संपंन हुआ, जिसमें खिलेश्वर महावे को निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। ब्लाक अध्यक्ष चुनाव के लिए 16 मार्च निर्धारित किया गया था। नामांकन फॉर्म भरने से लेकर नामांकन वापसी तक ब्लाक अंतागढ़ के 4 प्रत्याशी ने अपना भाग्य आजमाने के लिए नामांकन फॉर्म भरा, जिसमें प्रत्यक्ष रूप से खिलेश्वर माहवे, नरेश कुलदीप, विष्णु उइके एवं सरिता कुलदीप के द्वारा नामांकन फॉर्म भरा। नाम वापसी के दिन 3 प्रत्याशी ने अपना नाम खिलेश्वर माहवे के समर्थन में चुनाव से पहले वापिस ले लिया, जिस पर खिलेश्वर माहवे को निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। खिलेश्वर माहवे अभी वर्तमान में नगर पंचायत अंतागढ़ में वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद भी है। इस दौरान ईश्वर टांडिया, समीर टांडिया, देवराज नाग, गिरधर टांडिया, रमेश बघेल, निर्मल टांडिया, शनि बघेल, तुलसी कुलदीप, भरत कोसरे, धनेश मरकाम, लक्ष्मण मरकाम, सरवन मरकाम, संदीप कुलदीप, संजय नेताम, देवराज टांडिया, बज्जू राम कुलदीप, निर्मल टांडिया, आत्माराम, सन्तोष टांडिया, तुलसी कुलदीप, हेमलाल टांडिया, रामसेवक बेसरा, सतीश सोनवानी, आंनदी राम टांडिया, प्यारे लाल टांडिया, गुलशन टांडिया, मुन्नी टांडिया, कृष्णा कुलदीप, सरिता कुलदीप, प्यारेलाल, हंसराज नाग, संतोष टांडिया, घनश्याम बेसरा व समाज के माताएं बहने व पुरुष उपस्थित रहें।



### सशिमं में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों की दी विदाई

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा सप्तम के भैया बहनों के द्वारा कक्षा अष्टम के भैया बहनों को विदाई दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवालाल चिराम एवं शुकाल राम जुर्री तथा विशेष अतिथि वन विभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ जयलू राम दुग्गा उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा अपने उद्बोधन में विदा ले रहे भैया बहनों को कहा की इस संस्था में जो शिक्षा एवं संस्कार मिला है, उस शिक्षा को अपने जीवन काल में उपयोगी बना कर चलने का संदेश दिया। प्रवीण सूची में आने वाले भैया बहनों को व्यक्तिगत रूप से पुरस्कृत करने घोषणा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य संतलाल मोहन एवं समस्त आचार्य एवं दिदियां का सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान रंगोत्सव क्विज में दुर्गूकोंदल प्रथम





**दुर्गुकोंदल।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय रंगोत्सव एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक समग्र शिक्षा कांकेर रहा। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित शिक्षण प्रविधियों के उपयोग पर आधारित थी। रंगोत्सव प्रतियोगिता बच्चों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है। सिर्फ़ अच्छा करने के लिए नहीं, जब छात्र प्रतिस्पर्धा करेंगे तो वे अधिक जिज्ञासु बनेंगे, स्वतंत्र रूप से शोध करेंगे और दूसरों के साथ मिलकर काम करना सीखेंगे। रंगोत्सव प्रतियोगिता में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल और जिला मिशन समन्वयक रवि मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा जिला सहायक कार्यक्रम समन्वयक के नेतृत्व में आयोजन हुआ, जिसमें विकासखंड स्तर से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर निर्णायक मंडल प्राचार्य, व्याख्याता, संकुल समन्वयक और शिक्षको द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों की उत्साहपूर्वक उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों और बच्चों के लिए स्वल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की गई थी। विकासखंड दुर्गूकोंदल से टीम में संकुल समन्वयक योगेश मरकाम, राजकुमार चंद्राकर, निर्णायक किशोर विश्वकर्मा, प्रतिभागी तरहुल स्कूल से 6वीं कक्षा से तोशेष कोठारी और पुष्पेंद्र, कोण्डे स्कूल 11 वीं से नितीश साहु व महेश्वरी पुड़ो, एफएलएन ट्रेनिंग सिखने के लिए प्रशिक्षण मंजू कोमरा, राज नरेटी ने हिस्सा लिया और कोण्डे स्कूल 11 वीं से नितीश साहु, महेश्वरी पुड़ो क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विकासखण्ड दुर्गूकोंदल को गौरन्वित किए, जिसके लिए विकासखण्ड के बीईओ एसपी कोसरे, एबीईओ अंजनी मण्डावी, बीआरसी लतीप सोम और साथ ही विकासखण्ड कि बैठक में समस्त प्राचार्यो व्याख्याता शिक्षको ने संकुल प्राचार्य कोण्डे बाबूलाल कोमरे एवं उनके स्कूल स्टॉफ टीम और विद्यार्थियों के विजेता होने पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनाए दिए। विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# रोजगार सहायक व सचिव को समय सीमा पर निर्माण कार्यों में गति लाने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्गुकोंदल

- जनपद कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ली बैठक



जनपद कार्यालय दुर्गुकोंदल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे के अध्यक्षता में जनपद के सभा कक्ष में कार्यक्रम अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत के सचिव, पंचायत इंस्पेक्टर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के उपस्थिति में बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा। नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी सीईओ के द्वारा लिया गया। वहीं जिला निर्माण समिति एवं खनिज न्यासा निधि के स्वीकृत कार्यों को शुरू करने के लिए पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत कुल 4694 प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति मिली है, जिसमें 4287 की राशि प्राप्त हो चुकी है और प्रथम किशत के रूप में जारी की गई है। वहीं बाकी कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को प्रगति लाने कहा गया है। आवास को प्रारंभ करने एवं अपूर्ण निर्माण को पूर्ण करने रणनीति तैयार कर अभियान पूर्वक कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया गया। इसके अलावा बैठक में वन प्रबंधन संसाधन ग्राम समिति के विकासखंड 122 समिति का गठन किया जा चुका है, जिसमें उनका प्रत्येक वन प्रबंधन समिति का खाता खुलवाने के लिए निर्देशित की गई है। ब्लॉक में विभिन्न योजनाओं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें एक महीने भीतर सभी कार्यों समय में निर्माण कार्यों को पूरा करने को कहा गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग अनुविभागी अधिकारी एके मंडावी, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport